RASHTRIYA SAHARA, Delhi, 12.7.2017
Page No. 9, Size:(15.24)cms X (10.90)cms.

भ्रष्टाचार मिटाने में प्रभावी है आधार

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।
केन्द्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आधार भ्रष्टाचार मिटाने और आम लोगों को सशक्त बनाने का प्रभावी उपकरण है।

श्री प्रसाद ने कामन सर्विस सेंटरों (सीएससी) पर आधार से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराए जाने पर आधारित कार्यशाला का यहां शुभारंभ किया और जमीनी स्तर पर प्रमुख सेवाएं उपलब्ध कराने में ग्राम स्तरीय इंटरप्राइजेज (वीएलई) द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएसई वीएलई से बहुत उम्मीद है। वीएलई भारत के लिए चेंज मेकर हैं। सीएससी ने देश में 10 लाख लोगों को रोजगार दिया है और निकट भविष्य में एक करोड़ लोगों के सीएससी में काम करने का अनुमान है।

श्री प्रसाद ने सीएससी पर आधार से जुड़ी सेवाएं दिए जाने होने वाले लाभों को गिनाते हुए कहा कि आधार भ्रष्टाचार मिटाने के लिए प्रभावी उपकरण है। भ्रष्टाचार को कम कर 50 हजार करोड़ रुपए बचाए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि वीएलई सरकार को भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने में मददगार होंगे। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव अजय प्रकाश साहनी ने कहा कि आधार की यात्रा में सीएससी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय भूषण पांडे ने कहा कि देश में 116 करोड़ लोगों का आधार के लिए पंजीकरण किया गया है। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने आधार सेवाओं के लिए ऑनलाइन समय लेने की प्रणाली का शुभारंभ किया जिसके जरिये आम लोग आधार से जुड़ी सेवाओं के लिए अपना समय बुक करा सकते हैं और किसी खास दिन का चयन भी कर सकते हैं।

सुधार

- आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कामन सर्विस सेंटर में किया आधार से जुड़ी सेवाओं का शुभारंभ
- सीएससी ने देश में 10 लाख लोगों को दिए हैं रोजगार के अवसर
- भविष्य में एक करोड़ लोगों के रोजगार के जरिया बनेंगे ये केंद्र
- आधार प्रणाली के जरिए 50,000 करोड़ रुपए की हो चुकी है बचत